# GST: फरवरी में 1.33 लाख करोड़ रुपये रहा जीएसटी रेवेन्यू, पिछले साल के मुकाबले 18 फीसदी बढ़ा

बिजनेस डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली Published by: दीपक चतुर्वेदी Updated Tue, 01 Mar 2022 01:23 PM IST

## सार

Gross GST Revenue Collected For February: फरवरी महीने के लिए 1,33,026 करोड़ रुपये का सकल जीएसटी राजस्व एकत्र किया गया। आंकड़ों को देखें तो फरवरी 2022 के महीने का राजस्व, इससे पिछले साल 2021 के इसी महीने में जीएसटी राजस्व की तुलना में 18 फीसदी ज्यादा है।




जीएसटी - फोटो : pixabay

## विस्तार

वित्त मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों में बताया गया कि फरवरी महीने के लिए 1,33,026 करोड़ रुपये का सकल जीएसटी राजस्व एकत्र किया गया। आंकड़ों को देखें तो फरवरी 2022 के महीने का राजस्व, इससे पिछले साल 2021 के इसी महीने में जीएसटी राजस्व की तुलना में 18 फीसदी ज्यादा है। इसके साथ ही आपको बता दें कि फरवरी 2020 में जीएसटी राजस्व की तुलना में यह 26 फीसदी अधिक है।